**पहली बार...निगम की बैठक में न हंगामा और ना शोर—शराबा, केवल मुद्दों पर बात**

————शहरी सरकार में बच्चों की भूमिका बढ़ाने के लिए नगर निगम हेरिटेज में हुआ ऐतिहासिक आयोजन

————बच्चों ने पार्षद बनकर इव–टीजिंग, खुले में पेशाब, सफाई व्यवस्था और टूटी सड़कों पर उठाए सवाल

जयपुर। अक्सर नगर निगम की सभा बेहद हंगामेदार होती है, लेकिन यह पहली बार हुआ कि हेरिटेज निगम की सभा में न तो विरोध हुआ और ना ही शोर—शराबा। बच्चों ने पार्षद बनकर असली जनप्रतिनिधियों को बताया कि आखिर मुद्दों को कैसे सदन में रखा जाता है। जी हां, दरअसल शहरी सरकार में बच्चों की भूमिका बढ़ाने के लिए पहली बार नगर निगम हेरिटेज ने फ्यूचर सोसायटी व डिजिटल बाल मेला के साथ मिलकर बच्चों को बतौर बाल पार्षद निगम में सभा करने का मौका दिया। इस दौरान बाल पार्षदों ने कई मुद्दे बैठक में रखे।

नगर निगम हेरिटेज के मुख्यालय में आयोजित हुई सभा के मुख्य अतिथि नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा रहे। जबकि अध्यक्षता हेरिटेज निगम की महापौर कुसुम यादव ने की और विशिष्ट अतिथि के तौर पर निगम आयुक्त डॉ.निधि पटेल मौजूद रहीं। इस दौरान जयपुर में नगर निगम हेरिटेज के 50 वार्डों से चुने गए बाल पार्षदों ने अपने—अपने वार्ड की समस्याओं को निगम सभा के बाल सत्र में उठाया। इसमें बाल पार्षदों ने सफाई ने महिला सुरक्षा, इव—टीजिंग, खुले में पेशाब, टूटी सड़कों से शहर में हुए हालातों के साथ ही सफाई व्यवस्था, शराब की दुकानों के लेट तक खुलने से उत्पन्न हो रही स्थिति, सड़कों पर भीख मांगने वाले बच्चों के साथ ही बेसहारा पशुओं को लेकर कई मुद्दे उठाए।

सबसे पहले बाल पार्षदों ने चुना अपना 'महापौर'

निगम की बाल सभा की शुरुआत में बाल पार्षदों ने अपना महापौर ठीक उसी तरह चुना, जैसे निगमों के महापौर चुने जाते हैं। इसमें 50 बाल पार्षदों ने बाल महापौर के रूप में भूमिका पारीक को चुना। महापौर ने बोर्ड बनाकर बाल सत्र की शुरुआत की। निगम सभा की कार्यवाही की शुरुआत करते हुए मेयर ने सत्ता पक्ष और विपक्ष पार्षदों को अपनी बात रखने का पूरा मौका दिया।

...फिर बच्चों की पीड़ा भी हुई उजागर

बड़ी बात यह है कि बाल पार्षदों ने एक मार्मिक मुद्दा भी सभा में उठाया। उन्होंने कहा कि आज भी कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पर बच्चों के लिए पार्क नहीं है। बच्चों को खेलने के लिए जगह नहीं मिल पाती है। इससे उनका शारीरिक विकास अवरूद्ध होता है। इसी कारण आज के बच्चे मोबाइल में ज्यादा समय दे रहे हैं, जो बच्चों के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने बाल महापौर से कहा कि सभी वार्ड में कम से कम दो पार्क होने चाहिए ताकि बच्चे खेल सके।

बच्चों में होती है ताकत, वह जो ठान लेते हैं कर दिखाते हैं:खर्रा

निगम की बाल सभा के बाद बच्चों को संबोधित करते हुए मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने सभी बाल पार्षदों और बाल महापौर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शहरी सरकार को लेकर बच्चों ने अहम सुझाव दिए हैं। खर्रा ने कहा कि

बच्चों में बहुत ताकत होती है। वह जो ठान लेते हैं, उसे कर दिखाते हैं। शहर को साफ रखने में हर व्यक्ति का योगदान होता है। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि बच्चों ने देश को स्वच्छ बनाने का इरादा बना लिया है तो यह मिशन पूरा हो जाएगा। उन्होंने हेरिटेज निगम के साथ ही फ्यूचर सोसायटी को आयोजन के लिए बधाई दी।

भविष्य के पार्षदों को देख रही हूं:महापौर

वहीं, हेरिटेज निगम की महापौर कुसुम यादव ने कहा कि वह इस आयोजन में भविष्य के पार्षदों को देख रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों ने जिस गंभीरता के साथ मुद्दे उठाएं है, उसे देखकर लग रहा है कि हमारे जयपुर का भविष्य बहुत सुनहरा होने वाला है। महापौर ने कहा कि बच्चों के उठाए गए मुद्दों को निगम गंभीरता से लेगा और आने वाले समय में उन पर बेहतर काम किए जाएंगे। बाल पार्षदों की भूमिका हर वार्ड को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण होगी। वहीं, आयुक्त डॉ.निधि पटेल ने भी बच्चों के उठाए मुद्दों को सराहा।

भविष्य के नेता होंगे तैयार:भार्गव

फ्यूचर सोसाइटी के संरक्षक हेमंत भार्गव ने इस आयोजन को भविष्य के नेता तैयार करने का बड़ा माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि यह तस्वीर इतिहास में एक अहम अध्याय लिखेगी। वही डिजिटल बाल मेला की जान्हवी शर्मा ने कहा यह सिर्फ एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह सभी बाल पार्षद आने वाले दिनों में अपने वार्ड के मुद्दों को प्रखर आवाज बनेंगे। बता दें कि हेरिटेज निगम के 50 वार्ड में विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से 50 बाल पार्षदों का चयन कर उन्हें निगम की सभा में शामिल होने का मौका दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर फ्यूचर सोसाइटी की रविता शर्मा ने कहा कि आयोजन बच्चों में नागरिक जागरूकता, नेतृत्व कौशल एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समझ को प्रोत्साहित करने का प्रयास है।

निगम सभा
"बाल सत्र"
14 अगस्त 2025 | जयपुर नगर निगम हैरिटेज मुख्यालय
गीला कचरा

निगम सभा
"बाल सत्र"

नगर निगम जयपुर हैरिटेज

निगम सभा
"बाल सत्र"
14 अगस्त 2025